# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ बैठकें कीं



**श्रीगंगानगर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन (10-12 जून 2025) में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं।

इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया।

शाम को, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया।

द्विपक्षीय बैठकों में सुश्री मारिसा आर्लीन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और सुश्री नॉर्मा इरेन डी ला क्रू, निर्वाचन पार्षद, राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान, मैक्सिको, मोचम्मद अफिफुद्दीन अध्यक्ष जनरल इलेक्शन कमीशन इंडोनेशिया, श्री पुरवे डेलगेनारन अध्यक्ष जनरल इलेक्शन कमीशन मंगोलिया, मोसोथो साइमन मोएप्या अध्यक्ष इलेक्टोरल कमीशन दक्षिण अफ्रीका, हांसपीटर विस्स नीति सलाहकार स्विस विकास और सहयोग एजेंसी स्विट्रलैंड, सुश्री एंजेलिका कारामन अध्यक्ष और पावेल पोस्टिका उपाध्यक्ष केंद्रीय चुनाव आयोग मोल्दोवा, डेरियस गैजाउसकास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख निर्वाचन आयोग लिथुआनिया, श्री अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान निर्वाचन आयुक्त मॉरिशस निर्वाचन आयोग, विजय रंगराजन मुख्य कार्यकारी इलेक्टोरल कमीशन यूनाइटेड किंगडम, सुश्री अन्ना-कैरीन लिडहैम प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय स्वीडन, सुश्री मारिजा रिंतेल सहायक प्रमुख संघीय चुनाव आयोग जर्मनी एवं श्री पांडेक राज्य चुनाव आयोग क्रोएशिया शामिल रहे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर

# विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की



**दिशा न्यूज। बारां**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने इंटर नेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन (10-12 जून, 2025) में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें की।

इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान, ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया।

शाम को, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया।

इस अवसर पर मारिसा आलह्वन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और नॉर्मा इरेन डी ला क्रूज़, निर्वाचन पार्षद, राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान, मैक्सिको, मोचम्मद अफिफुद्दीन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, इंडोनेशिया, पुरवे डेलगेनारन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, मंगोलिया, मोसोथो साइमन मोएप्या, अध्यक्ष, इलेक्टोरल कमीशन, दक्षिण अफ्रीका, हांसपीटर विस्स, नीति सलाहकार, स्विस विकास और सहयोग एजेंसी, स्विट्ज़रलैंड, एंजेलिका कारामन, अध्यक्ष और पावेल पोस्टिका, उपाध्यक्ष, केंद्रीय चुनाव आयोग, मोल्दोवा, डेरियस गैजाउसकास, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख, निर्वाचन आयोग, लिथुआनिया, अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, निर्वाचन आयुक्त, मश्वरिशस निर्वाचन आयोग, विजय रंगराजन, मुख्य कार्यकारी, इलेक्टोरल कमीशन, यूनाइटेड किंगडम, अन्ना-कैरीन लिडहैम, प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय, स्वीडन, मारिजा रिंतेल, सहायक प्रमुख, संघीय चुनाव आयोग, जर्मनी सहित द्राजेनको पांडेक, राज्य चुनाव आयोग, क्रोएशिया उपस्थित रहें।

# भारत में मतदाता सूची तैयार करना सबसे कठिन व पारदर्शी कार्यों में से एक : सीईसी

## मजबूत तंत्र ने चुनावी विश्वसनीयता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों में धांधली के आरोपों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में मतदाता सूची तैयार करना दुनिया के सबसे कठिन और पारदर्शी कार्यों में से एक है। कुमार ने कहा कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के साथ हर साल संशोधित मतदाता सूची साझा की जाती है और चुनाव से पहले भी उन्हें दी जाती है।


ज्ञानेश

मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शुचिता पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ वर्ष 1960 से चुनाव संबंधी दावों, आपत्तियों और अपीलों के प्रावधान के साथ नामावली साझा की जाती रही है। कुमार ने कहा कि मतदाता सूची की तैयारी की पारदरर्शिता चुनावी प्रक्रिया की सटीकता और शुचिता को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि इस मजबूत तंत्र ने वर्षों से देश भर में चुनावी विश्वसनीयता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मेलन में लगभग 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ब्यूरो

# ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठके की





**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन (10 से 12 जून, 2025) में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं।

इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान, ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया। शाम को, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इंटरनेशनल स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया।

## द्विपक्षीय बैठकों का विवरण -

मारिसा आर्लीन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और सुश्री नॉर्मा इरेन डी ला क्रूज़, निर्वाचन पार्षद, राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान, मैक्सिको। मोहम्मद अफिफुद्दीन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, इंडोनेशिया, पुरवे डेलगेनारन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, मंगोलिया, मोसोथो साइमन मोएप्या, अध्यक्ष, इलेक्टोरल कमीशन, दक्षिण अफ्रीका, हांसपीटर विस्स, नीति सलाहकार, स्विस विकास और सहयोग एजेंसी, स्विट्ज़रलैंड, एंजेलिका कारामन, अध्यक्ष और पावेल पोस्टिका, उपाध्यक्ष, केंद्रीय चुनाव आयोग, मोल्दोवा। डेरियस गैजाउसकास, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख, निर्वाचन आयोग, लिथुआनिया, अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, निर्वाचन आयुक्त, मॉरिशस निर्वाचन आयोग, विजय रंगराजन, मुख्य कार्यकारी, इलेक्टोरल कमीशन, यूनाइटेड किंगडम, अन्ना-कैरीन लिडहैम, प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय, स्वीडन, मारिजा रिंतेल, सहायक प्रमुख, संघीय चुनाव आयोग, जर्मनी, द्राज़ेनको पांडेक, राज्य चुनाव आयोग, क्रोएशिया के साथ बैठक की।

# इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय की बैठके



टोंक (सच्चा सागर)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन (10 से 12 जून) में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान, ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया। शाम को, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इंटरनेशनल स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया।




### द्विपक्षीय बैठकों का विवरण

मारिसा आर्लीन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और सुश्री नॉर्मा इरेन डी ला क्रूज़, निर्वाचन पार्षद, राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान, मैक्सिको। मोहम्मद अफिफुद्दीन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, इंडोनेशिया, पुरवे डेलगेनारन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, मंगोलिया, मोसोथो साइमन मोएप्या, अध्यक्ष, इलेक्टोरल कमीशन, दक्षिण अफ्रीका, हांसपीटर विस्स, नीति सलाहकार, स्विस विकास और सहयोग एजेंसी, स्विट्ज़रलैंड, एंजेलिका कारामन, अध्यक्ष और पावेल पोस्टिका, उपाध्यक्ष, केंद्रीय चुनाव आयोग, मोल्दोवा। डेरियस गैजाउसकास, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख, निर्वाचन आयोग, लिथुआनिया, अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, निर्वाचन आयुक्त, मॉरिशस निर्वाचन आयोग, विजय रंगराजन, मुख्य कार्यकारी, इलेक्टोरल कमीशन, यूनाइटेड किंगडम, अन्ना-कैरीन लिडहैम, प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय, स्वीडन, मारिजा रिंतेल, सहायक प्रमुख, संघीय चुनाव आयोग, जर्मनी, द्राज़ेनको पांडेक, राज्य चुनाव आयोग, क्रोएशिया के साथ बैठक की।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की



**नई दिल्ली/टोंक (मृदुल पत्रिका)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम, स्वीडन में इंटरनेशनल आईडीईए सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन (10 से 12 जून, 2025) में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं।

इन बैठकों का उद्देश्य भारत की चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग की दीर्घकालिक साझेदारियों को और मजबूत करना है। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान, ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक-एक करके विस्तृत चर्चा की, जिसमें चुनाव से संबंधित अनुभवों और नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला को साझा किया गया। शाम को, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इंटरनेशनल स्टॉकहोम सम्मेलन ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण भी दिया।

**द्विपक्षीय बैठकों का विवरण**- मारिसा आर्लीन काब्राल पोरचास, अंतरराष्ट्रीय मामलों की समन्वयक और नॉर्मा इरेन डी ला क्रूज, निर्वाचन पार्षद, राष्ट्रीय निर्वाचन संस्थान, मैक्सिको। मोहम्मद अफिफुद्दीन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, इंडोनेशिया, पुरवे डेलगेनारन, अध्यक्ष, जनरल इलेक्शन कमीशन, मंगोलिया, मोसोथो साइमन मोएप्या, अध्यक्ष, इलेक्टोरल कमीशन, दक्षिण अफ्रीका, हांसपीटर विस्स, नीति सलाहकार, स्विस विकास और सहयोग एजेंसी, स्विट्ज़रलैंड, एंजेलिका कारामन, अध्यक्ष और पावेल पोस्टिका, उपाध्यक्ष, केंद्रीय चुनाव आयोग, मोल्दोवा।

डेरियस गैजाउस्कास, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रमुख, निर्वाचन आयोग, लिथुआनिया, अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, निर्वाचन आयुक्त, मॉरिशस निर्वाचन आयोग, विजय रंगराजन, मुख्य कार्यकारी, इलेक्टोरल कमीशन, यूनाइटेड किंगडम, अन्ना-कैरीन लिडहैम, प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय, स्वीडन, मारिजा रिंतिल, सहायक प्रमुख, संघीय चुनाव आयोग, जर्मनी, द्राजेनको पांडेक, राज्य चुनाव आयोग, क्रोएशिया के साथ बैठक की।